प्रेस विज्ञप्ति

23 फरवरी,2022: नई दिल्ली

हॉकी के लिए भा.खे°प्रा° का राष्ट्रीय चयन परीक्षण 2 मार्च को शुरू,14 से 24 वर्ष की आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं

23 फरवरी,2022 नई दिल्ली: भारतीय खेल प्राधिकरण(भा°खे°प्रा°)का 2 मार्च,2022 से विभिन्न भा°खे°प्रा° राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्रों में हॉकी खिलाड़ियों के लिए ओपन चयन परीक्षण शुरू होने वाला है। चयन परीक्षण देशभर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जाएगें जहां 14 से 24 वर्ष की आयु वर्ग के बालक और बालिकाएं दोनों भाग ले सकते हैं।

चयन परीक्षण तीन दिन की अवधि में आयोजित किए जाएंगे जिसमें चयनकर्ता विभिन्न परीक्षणों द्वारा संभावित खिलाड़ियों की फ़िटनेस और कौशल स्तर पर परीक्षण करेंगे।(इसका पूर्ण विवरण भा°खे°प्रा° और खेलों इंडिया की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं)

जबकि सबसे पहला परीक्षण भा०खे०प्रा के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र, औरंगाबाद से 2 मार्च को शुरू किया जाएगा, यह प्रक्रिया निम्नलिखित दिनों में अन्य भा°खे°प्रा°केन्द्रों में जारी रहेगी :-

चयन परीक्षणों के लिए सूची निम्नानुसार हैं :-

1. राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र, कोलकाता – महिला – 7 से 9 मार्च
2. राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र सोनीपत – पुरुष - 15 से 17 मार्च
3. राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र मुंबई – महिला - 11 से 13 मार्च
4. राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र पटियाला – महिला - 3 से 5 मार्च
5. राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र लखनऊ – पुरुष और महिला -3 से 5 मार्च(महिला) एवं 7 से 9 मार्च(पुरुष)
6. राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र, औरंगाबाद पुरुष - 2 से 4 मार्च
7. राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र इम्फाल – पुरुष और महिला -07 से 09 मार्च(महिला) –-10 से 12 मार्च(पुरुष)

चयन के लिए खेल प्रदर्शन मानदंड निम्नानुसार हैं:-

- मान्यता प्राप्त हॉकी में भारत का प्रतिनिधित्व किया हो
- हॉकी भारतीय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पदक जीता हो
- हॉकी भारतीय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लिया हो
- स्कूल नैशनलस में भाग लिया हो
- खेलो इंडिया यूथ एंड यूनिवर्सिटी गेम्स में भाग लिया हो
- अखिल-भारतीय और अंतर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता
- राज्य हॉकी चैम्पियनशिप में भाग लिया हो

14 से 24 वर्ष की आयु वर्ग(1.01.2022 को आयु)बालक और बालिकाओं दोनों के लिए चयन परीक्षण खुले हैं लेकिन मानदंड़ो के बावजूद प्रतिभा पहचान और विकास समिति के सदस्यों की सिफ़ारिश के आधार पर वहां उपस्थित होने वाले प्रतिभावान एथलीटों के प्रवेश के लिए विचार किया जा सकता है। अन्य चयन मानदंडों पर अधिक जानकारी भाखेप्रा की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं।

ईओएम